बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग

सं० सं०– निग / सारा–(एन0एच0)–आरोप–18 / 2026 3015(S) पटना, दिनांक 4/5/2026

अधिसूचना

दिनांक–04.05.2026 को पूर्वाहन करीब 1.15 बजे भागलपुर से उत्तर बिहार को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण पुल विक्रमशीला सेतु के गिर जाने के कारणों की समीक्षा की गयी एवं समीक्षोपरान्त उक्त पुल के रख–रखाव एवं अनुश्रवण से संबंधित अभियंताओं को चिन्हित कर कार्रवाई करने का निदेश प्राप्त हुआ।

2. उक्त पुल के रख–रखाव एवं अनुश्रवण की जिम्मेवारी राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल भागलपुर की थी, जिसके कार्यपालक अभियंता श्री साकेत कुमार रौशन हैं। प्रथम द्रष्टया श्री रौशन के कर्त्तव्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता परिलक्षित होता है। अतः इस आलोक में श्री साकेत कुमार रौशन, कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, भागलपुर को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 9(1)(क) में निहित प्रावधान के तहत तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाता है।

3. निलंबन अवधि में श्री रौशन का मुख्यालय अभियंता प्रमुख (मु0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना निर्धारित किया जाता है।

4. श्री रौशन को निलंबन अवधि के दौरान बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 10 के अध्याधीन शर्त्तों के तहत अनुमान्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

5. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

(ह०) 04.5.2026

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– निग / सारा–(एन0एच0)–आरोप–18 / 2026 3016(S) पटना, दिनांक 4/5/26

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (ले0 एवं ह0) का कार्यालय, बिहार, पटना / प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(ह०) 04.5.2026

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– निग / सारा–(एन0एच0)–आरोप–18 / 2026 3016(S) पटना, दिनांक 4/5/26

प्रतिलिपि :– प्रभारी पदाधिकारी, ई0 गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को हार्ड कॉपी एवं सी0डी0 के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित (द्वारा–आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, पटना)।

अनु0–यथोक्त।

(ह०) 04.5.2026

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कृ०पृ०उ०

D/NIGRANI SECTION/SANJIV KUMAR/ADHISHUCHNA & KARYALAY ADESH

ज्ञापांक :– निग / सारा–(एन0एच0)–आरोप–18 / 2026 3016(51 पटना, दिनांक 4/5/26

प्रतिलिपि :– सचिव, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / विशेष सचिव / अभियंता प्रमुख (मु0), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, पटना / माननीय मंत्री के आप्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता (एन0एच0 उपभाग सहित) पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / अधीक्षण अभियंता, रा0उ0प0, अंचल भागलपुर / उप सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / उप सचिव (प्र०को०), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / उप सचिव, मुख्यालय / अवर सचिव लेखा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग, पटना / प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–1 / 2 / 6 / 13 / 14, एवं 30 (लेखा शाखा) / लेखा शाखा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना एवं **श्री साकेत कुमार रौशन, कार्यपालक अभियंता, रा0उ0प0, प्रमंडल भागलपुर** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04.5.26

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक:– निग / सारा–(एन0एच0)–आरोप–18 / 2026 3016(51 पटना, दिनांक 4/5/26

प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण) / आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय website पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित।

04.5.26

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।